सुविचार अपने अतीत पर कभी पछतावा न करे ,उसे अपने जीवन का शिक्षक मानकर अपनाएँ ! डीजिटल संस्करण https://sbpatra.in पर उपलब्ध

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - ३ अंक - ६ ३ सोमवार – १ २/० १/२ ० २ ६ पृष्ठ – ३ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### हम मोबाइल को या मोबाइल हमे चला रहा ?

क्या आपने कभी गौर किया है कि सुबह उठते ही सबसे पहली चीज़ आप क्या छूते हैं? ब्रश या पानी का गिलास नहीं, बल्कि अपना मोबाइल फोन हम सोचते हैं कि हम मोबाइल चला रहे हैं, लेकिन असल में मोबाइल हमें चला रहा है आज हम बात करेंगे कि कैसे यह छोटा सा गैजेट हमारी सेहत, रिश्तों और दिमाग को नुकसान पहुँचा रहा है। लगातार स्क्रीन देखने से शडिजिटल आई स्ट्रेनश होता है। आँखों में सूखापन और कमज़ोर रोशनी की समस्या। झुककर फोन चलाने से गर्दन और रीढ़ की हड्डी में परमानेंट दर्द हो सकता है। मोबाइल से निकलने वाली ब्लू लाइट हमारे मेलाटोनिन हार्मोन को रोकती है, जिससे नींद गायब हो जाती है। रील्स और शॉर्ट्स देखने की आदत ने हमारी गहराई से सोचने की क्षमता खत्म कर दी है। सोशल मीडिया पर दूसरों की परफेक्ट लाइफ देखकर हम अपनी असल जिंदगी से दुखी होने लगते हैं। हर वक्त नोटिफिकेशन चेक करने की बेचौनी हमें मानसिक रूप से थका देती है। रिश्तों में दूरीरू एक ही कमरे में बैठे चार लोग आपस में बात करने के बजाय अपने–अपने फोन में लगे रहते हैं। समय की बर्बादीरू 5 मिनट के लिए फोन उठाना और 2 घंटे बर्बाद कर देनाकृयह आज की सबसे बड़ी समस्या है। एक्सीडेंट्स सड़क पर चलते हुए या गाड़ी चलाते समय फोन का इस्तेमाल जानलेवा साबित हो रहा है। क्या आपने कभी सोचा है कि जब आप इंस्टाग्राम रील या यूट्यूब शॉर्ट्स स्क्रॉल करते हैं, तो समय का पता क्यों नहीं चलता? दरअसल, हर नया और मज़ेदार वीडियो हमारे दिमाग में डोपामाइन नाम का केमिकल रिलीज करता है। यह वही केमिकल है जो जुआ खेलने या नशा करने पर निकलता है। हमारा दिमाग इस शसस्ते आनंदश का आदी हो जाता है, जिससे हमें साधारण चीज़ें बोरिंग लगने लगती हैं। आजकल हम 30 सेकंड से ज़्यादा लंबी वीडियो नहीं देख पाते। क्यों? क्योंकि मोबाइल ने हमारे दिमाग को शक्विक रिवॉर्डश (जल्दी इनाम) का आदी बना दिया है। इसका असर हमारी पढ़ाई और काम पर पड़ता है। हम किसी एक किताब को 10 मिनट भी मन लगाकर नहीं पढ़ पाते क्योंकि हमारा मन बार–बार फोन चेक करने के लिए मचलता है।

## नीमच जिला प्रशासन ने शासकीय जमीनों का संरक्षण करते हुए बडी कार्यावाही को दिया अजांम , 38 करोड के मूल्य की 4.9 एकड भुमि की अतिक्रमण मुक्त

**जिला कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा के निर्देशन पर जिला प्रशासन द्वारा जिले में शासकीय जमीनो के संरक्षण हेतु अभियान के तहत हुई कार्यवाही ।**



कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा जिले में शासकीय जमीनों के संरक्षण एवं शासकीय जमीनों को अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार न.पा.नीमच , राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने प्रभावी कार्यवाही कर नीमच शहर के डाक बंगला रोड़ पर लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सामने स्थित खेत नम्बर 10 और बगीचा नम्बर 38 की बहुमूल्य जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाकर, न.पा.के आधिपत्य में लिया गया है और न.पा.के आधिपत्य का सूचना बोर्ड लगाकर अतिक्रमण मुक्त करवाई गई उक्त जमीन पर न.पा.नीमच द्वारा संरक्षित करने के लिए प्रीकास्ट की बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किया रहा है

शुक्रवार को नीमच शहर में अतिक्रमण हटाने की इस कार्यवाही के दौरान जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन, न.पा.नीमच की सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया, सीएसपी नीमच, तहसीलदार श्री संतोष कुमार एवं श्री संजय मालवीय सहित राजस्व, न.पा.एवं पुलिस अमला मौजूद था। तहसीलदार श्री संजय मालवीय ने उक्त जानकारी देते हुए बताया, कि नीमच शहर में अतिक्रमण मुक्त करवाई गई इस जमीन का उपयोग शहर हित में विभिन्न विकास कार्यो और प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए किया जावेगा।

उन्होने बताया, कि शुक्रवार को अतिक्रमण मुक्त करवाई गई 4.9 हेक्टेयर जमीन शहर के मध्य में प्राईम लोकेशन पर होने से इसका बाजार मूल्य लगभग 38 करोड़ रूपये बताया जा रहा है।

ज्ञातव्य हो, कि जिला प्रशासन द्वारा 30 दिसम्बर 2025 को नीमच शहर में राजस्व, न.पा. एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न 5 स्थानों पर से 42 करोड़ रूपये मूल्य की 6.05 हेक्टेयर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाकर, न.पा.नीमच द्वारा अपने आधिपत्य में लिया गया है।

## मन्दसौर के नाहरगढ थाना क्षैत्र मे पत्नी ओर बुआ पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

*पीडिता को बंदुक दिखाकर धमकाया फिर लगाई आग।*

नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पीपलखूंटा मे दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है शनिवार शाम 6 बजे शख्स ने अपनी पत्नी पर पेट्रोल डाल आग लगा दी। जब उसकी बुआ बचाने पहुंचीं, तो आरोपी ने भुआ पर भी पेट्रोल डालकर आग लगा दी। दोनों महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गईं और जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती हैं। घटनाक्रम का एक विडियो तेजी से सोशल मिडिया पर फैल रहा है जिसमें आरोपी आग लगाते हुए दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि दहेज पीड़िता ममता ने बताया कि उसने अपने पति राजूनाथ के खिलाफ 2024 में दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराया था। जिसमे आरोपी ने अपनी पत्नी से 5 लाख रुपए की मांग की थी। रकम नहीं मिलने पर घर में आए दिन विवाद और मारपीट होती थी।

## ग्रीनलैंड पर कब्जा करना अमेरिका की मजबुरी -ट्रम्प

**रूस,चीन के ग्रीनलैंड पर काबिज होने का डर ट्रम्प को**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को बताया कि अमेरिका के लिए ग्रीनलेंड पर कब्जा करना क्यों जरूरी है। उन्होंने व्हाइट हाउस में तेल और गैस कंपनियों के बड़े अधिकारियों के साथ हुई एक बैठक के दौरान कहा कि अगर अमेरिका ने ऐसा नहीं किया तो रूस और चीन जैसे देश इस पर काबिज हो जाएंगे।

ट्रम्प ने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना जमीन खरीदने का मसला नहीं है, यह रूस और चीन को दूर रखने से जुड़ा है। हम ऐसे देशों को अपना पड़ोसी बनते देख नहीं सकते।

ट्रम्प बोले– ग्रीनलैंड से आसान तरीके से सौदा चाहता हूं – ट्रम्प ने आगे कहा, अमेरिका अगर ग्रीनलैंड को आसान तरीके से हासिल नहीं कर पाया, तो दूसरे सख्त तरीके अपनाने होंगे। उन्होंने कहा, 'हम ग्रीनलैंड के मुद्दे पर कुछ न कुछ करेंगे, चाहे उन्हें पसंद हो या न हो।

उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'मैं चाहता हूं कि सौदा आसान तरीके से हो जाए।' हालांकि, उन्होंने डेनमार्क के प्रति अपनी नरमी भी जताई और कहा, 'वैसे मैं डेनमार्क का बहुत बड़ा फैन हूं। वे मेरे साथ बहुत अच्छे रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिका ग्रीनलैंड के लोगों को सीधे पैसे देकर उन्हें अमेरिका के साथ जुड़ने के लिए राजी करने की योजना बना रहा है। इसपर ट्रम्प ने कहा, 'अभी मैं ग्रीनलैंड के लिए पैसे की बात नहीं कर रहा हूं। हो सकता है बाद में करूं।' ट्रम्प ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ा।

ग्रीनलैंड के पास रूसी और चीनी गतिविधियां बढ़ी – ट्रम्प ने ग्रीनलैंड के पास रूसी और चीनी नौसेना की बढ़ती गतिविधियों का हवाला दिया, जिसमें डिस्ट्रॉयर और पनडुब्बियां शामिल हैं।

## चौदाह राज्यों का वॉन्टेड भोपाल का रहमान डकैत सुरत से गिरफ्तार ,बीस वर्ष से पुलिस के लिए बना था सरदर्द

*लग्जरी कारो ओर अरबी घोडो का था शैकिन रहमान*




देशभर की पुलिस के लिए दो दशक से सिरदर्द बना भोपाल का कुख्यात अपराधी आबिद अली उर्फ राजू उर्फ 'रहमान डकैत' आखिरकार सूरत क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ गया। भोपाल के कुख्यात 'ईरानी डेरा' से पूरे देश में अपराध का नेटवर्क चलाने वाला यह गैंगस्टर 14 राज्यों में सक्रिय गिरोहों का सरगना बताया जा रहा है। सूरत के लालगेट इलाके में गुप्त ऑपरेशन के तहत उसे बिना गोली चलाए गिरफ्तार किया गया।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक, आरोपी 20 साल से नकली सीबीआई अधिकारी, साधु–बाबा के वेश में लूट, धोखाधड़ी, हिंसक वारदात और जिंदा जलाने के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देता रहा।

डीसीपी भावेश रोजिया ने बताया कि इनपुट मिला था कि भोपाल निवासी राजू ईरानी सूरत में किसी बड़ी वारदात की फिराक में आया है। इसी सूचना पर क्राइम ब्रांच ने जाल बिछाकर उसे दबोच लिया। आरोपी 13–14 साल से भोपाल की अमन नगर कॉलोनी में रह रहा था और छह अलग–अलग गैंग ऑपरेट कर रहा था।

## पाकिस्तान रक्षा मंत्री का बयान अमेरिका ,ईजराइल पीएम को भी गिरफ्तार करें ,नेतन्याहु फिलिस्तीलियों के सबसे बडे दुश्मन

**रक्षामंत्री आसिफ का बयान सोशल मिडिया पर वायरल ।**



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को किडनैप करने की मांग की। एक टीवी इंटरव्यू में ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अमेरिका को नेतन्याहू को उसी तरह पकड़ना चाहिए जैसे वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो को पकड़ा गया था। उन्होंने आगे कहा कि तुर्किए भी नेतन्याहू को पकड़ सकता है और पाकिस्तानी इसके लिए दुआ कर रहे हैं। इंटरव्यू में उन्होंने नेतन्याहू को मानवता का सबसे बड़ा अपराधी करार दिया और दावा किया कि गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ जो अत्याचार हुए हैं, वे इतिहास में कभी नहीं देखे गए।

आसिफ का बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ – यह बयान एक पाकिस्तानी न्यूज चौनल को दिए इंटरव्यू में सामने आया, जिसकी क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। एंकर हामिद मीर ने टिप्पणी को संवेदनशील बताते हुए इंटरव्यू को बीच में ही रोक दिया। इस दौरान आसिफ ने उन लोगों पर भी सवाल उठाने शुरू किए, जो ऐसे अपराधियों का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, 'कानून उन लोगों के बारे में क्या कहता है, जो ऐसे अपराधियों का साथ देते हैं।' एंकर हामिद मीर ने टोका कि क्या आप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के संदर्भ में कहना चाह रहे हैं?

फिलिस्तीनियों का समर्थन करता है पाकिस्तान – पाकिस्तान का इजराइल के साथ कोई औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं है। पाकिस्तान हमेशा से फिलिस्तीनी मुद्दे का मजबूत समर्थन करता रहा है।

साथ ही, पाकिस्तान के ईरान के साथ भी अच्छे संबंध हैं, जो इजराइल का विरोधी है। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने पहले ही गाजा में अपराधों के लिए नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया हुआ है। इसका जिक्र भी आसिफ ने इंटरव्यू में किया है।



डिजीटल संस्करण

https://sbpatra.in

पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in


पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA


खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/













**(1)** गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/

**(2)** होम पेज पर केटेगिरी मे जाए

**(3)** ई-पेपर केटेगिरी चुने

**(4)** समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे !

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल https://sbpatra.in/ से डाउनलोड कर सकते है।


# स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



https//:sbpatra.in



पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध